# मनरेगा भुगतान में कमीशनखोरी

## नटेरन जनपद में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप, सरपंचों का फूटा आक्रोश




**नवभारत न्यूज**
**नटेरन 11 जनवरी,जनपद पंचायत नटेरन में पदस्थ सहायक लेखा अधिकारी (एएओ) सुरेश मेहरा पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप अब केवल आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित नहीं रहे, बल्कि यह मामला पंचायत व्यवस्था की पारदर्शिता और गरीब हितग्राहियों के हक से सीधे जुड़ गया है.सरपंच संघ अध्यक्ष भूरा धाकड़ के नेतृत्व में सरपंचों ने खुलकर अधिकारी पर मनमानी, भुगतान रोकने और कमीशनखोरी जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं.**

**दो साल से अटके भुगतान, मजदूर और हितग्राही परेशान**

सरपंच संघ अध्यक्ष का कहना है कि मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना, जिसका उद्देश्य ग्रामीण गरीबों को रोजगार और समय पर मजदूरी देना है, उसी योजना में भारी अनियमितताएं सामने आई हैं.नटेरन जनपद की 50 से अधिक ग्राम पंचायतों में मजदूरों और हितग्राहियों का भुगतान लंबित है.नलकूप निर्माण, गंगाजल योजना एक बगिया मां के नाम,और अन्य कार्यों में लगे गरीब हितग्राही पिछले दो वर्षों से भुगतान का इंतजार कर रहे हैं. कई पंचायतों में काम पूरा हो चुका है, मस्टररोल और एफपीओ भी तैयार हैं, फिर भी भुगतान नहीं किया गया.पूर्व के बिल भुगतान के इंतजार में है बाद की तारीखों के बिल भुगतान किया जा रहा है जिसमें परसेंट सिस्टम का आरोप सरपंच संघ ने यह भी आरोप लगाया है कि विभिन्न निर्माण कार्यों में नियमों को ताक पर रखकर भुगतान किया गया.आरोप है कि जिन पंचायतों ने 10 से 20 प्रतिशत तक राशि दी, उन्हीं के भुगतान किए गए, जबकि अन्य पंचायतों के भुगतान जानबूझकर रोके गए.सरपंचों का कहना है कि यदि यह आरोप सही साबित होते हैं तो यह न केवल आर्थिक अपराध है, बल्कि शासन की योजनाओं की साख पर भी बड़ा सवाल है.

### प्रशासनिक चूक या सुनियोजित खेल?

यह सवाल अब प्रमुख रूप से उठ रहा है कि यदि आवंटन कम था, तो फिर भुगतान की प्राथमिकता किस आधार पर तय की गई? क्या तकनीकी प्रक्रिया ही कारण है या इसके पीछे कोई और वजह? साथ ही यह भी सवाल है कि दो वर्षों तक भुगतान लंबित रहना क्या केवल प्रशासनिक देरी है, या इसमें जानबूझकर की गई अनदेखी शामिल है.अब पूरे मामले पर जिला प्रशासन, जनपद पंचायत के वरिष्ठ अधिकारी और संबंधित विभागों की भूमिका अहम हो गई है। यदि समय रहते जांच और कार्रवाई नहीं हुई तो यह विवाद और गहराने की संभावना है.ग्रामीणों और सरपंचों की नजर अब इस बात पर टिकी है कि क्या शासन स्तर पर इस मामले को गंभीरता से लिया जाएगा या यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा.

### सरपंचों की चेतावनी अब आर-पार की लड़ाई

सरपंच संघ अध्यक्ष भूरा धाकड़ ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सोमवार को सभी सरपंच एकजुट होकर अधिकारी के खिलाफ लिखित शिकायत सौंपेंगे। यदि इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो जनपद पंचायत कार्यालय की तालाबंदी, धरना-प्रदर्शन और उच्च अधिकारियों से शिकायत जैसे कदम उठाए जाएंगे.सरपंचों का कहना है कि अब चुप बैठना संभव नहीं है, क्योंकि इससे सीधे ग्रामीण मजदूरों और गरीब हितग्राहियों का नुकसान हो रहा है.

### अधिकारी का पक्ष- आवंटन कम, इसलिए भुगतान सीमित

इस पूरे मामले पर एएओ अधिकारी सुरेश मेहरा ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि भुगतान में देरी का कारण सीमित आवंटन है. उन्होंने कहा कि जिन पंचायतों के एफपीओ पूर्ण और तकनीकी रूप से सही थे, उन्हीं का भुगतान किया गया है.हालांकि उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि सभी पंचायतों को एक साथ संतुष्ट करना संभव नहीं है.

# भाजपा सरकार पर किसान विरोधी नीतियों का आरोप, आंदोलन तेज करने की चेतावनी

## सांची विधानसभा में किसान जन जागृति यात्रा का स्वागत





**नवभारत न्यूज**
**सांची 11 जनवरी,भोजपुर विधानसभा से प्रारंभ हुई किसान जन जागृति यात्रा आज सांची विधानसभा के अंतर्गत बागोद, बरोला, तिजालपुर, मेंड़की, पग्नेश्वर, कोड़ी, परवरिया सहित विभिन्न ग्रामों में पहुंची. यात्रा के आगमन पर ग्रामीणों, किसानों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा फूल-मालाओं से नेताओं का जोरदार स्वागत किया गया.यह स्वागत कार्यक्रम सांची ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में किसान एवं पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए.**कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रणजीत सिंह रघुवंशी ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार पूरी तरह किसान विरोधी है। सरकार ने किसानों से किए गए वादों को आज तक पूरा नहीं किया है.उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही किसानों की मांगों को पूरा नहीं किया गया, तो किसान जन जागृति यात्रा के माध्यम से आंदोलन को और तेज किया जाएगा.कार्यक्रम को डॉ जी.सी. गौतम ने भी संबोधित किया और किसानों से एकजुट होकर अपने अधिकारों की लड़ाई मजबूती से लड़ने का आह्वान किया. वहीं नगरपालिका में नेता प्रतिपक्ष प्रभात चावला ने भी किसानों के समर्थन में अपनी बात रखी.इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष अंकित मेहतो, ग्रामीण कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष संतोष शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता शकील पटेल, भूरा शर्मा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष आशीष राजपूत, पूर्व पार्षद मुशर्रफ कुरैशी, इंद्रेश राठौर, जितेंद्र अहिरवार सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे.किसानों की समस्याओं को लेकर सांची विधानसभा में जन-जागरूकता की यह यात्रा आने वाले दिनों में राजनीतिक हलचल तेज करने के संकेत दे रही है.

# लाल पठार कॉलोनी में दहशत का माहौल

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,**लाल पठार कॉलोनी में आए दिन विवाद हो रहे हैं.इस कॉलोनी में दो मर्डर भी हो चुके हैं.मारपीट की घटनाएं आए दिन होती रहती है.यहां अफीम गांजा अवैध शराब का कारोबार खुलेआम चल रहा है.बाहरी लोगों का यहां आना-जाना लगा रहता है. कुछ लोगों ने मकान किराए पर ले रखे हैं वह मकान के अंदर से यह कारोबार करते हैं.

## असत्य पर सत्य की विजय पर हुयी राणव वध की लीला



**नवभारत न्यूज**
**अटारी खेजड़ा,**अटारी खेजड़ा में चल रही रामलीला में रावण बध की लीला हुयी. बीस फिट के पुतले का दहन किया गया.रामलीला के कलाकार पात्र सभी स्थानीय हैं.रावण बध लीला देखने आस पास के क्षेत्रबासी बड़ी संख्या में पहुंचे. रावण बध के बाद रामलीला समिति ने सभी का आभार व्यक्त किया. सोमवार की लीला में भगवान श्री राम का राज्याभिषेक होगा.

## विद्युत समाधान योजना की एक बार फिर बढ़ी अवधि

**नवभारत न्यूज**
**सांची,विद्युत वितरण कंपनी द्वारा विद्युत विवादों के निपटारे के लिए उपभोक्ताओं को समाधान योजना का लाभ पहुंचाने के प्रयास लगातार जारी है अब एक बार फिर समाधान योजना का लाभ पहूचाने अवधि बढा दी गई है.**

जानकारी के अनुसार नगर सहित क्षेत्र भर मे विद्धुत वितरण कंपनी द्वारा विद्धुत बकाया दार उपभोक्ताओं को हर संभव योजना का लाभ उपलब्ध कराने निरंतर प्रयास जारी है.बकाया दारों का बोझ कम करने कंपनी द्वारा समाधान योजना लागू की थी हालांकि इस योजना का लाभ अनेक उपभोक्ताओं तक पहुंच भी गया है तथा शेष उपभोक्ताओं मे समयावधि पूरी होने पर चिंता बढ गई थी परन्तु मंडल द्वारा शेष उपभोक्ताओं को लाभान्वित करने की दिशा में कदम उठाते हुए समाधान योजना की अवधि में सुविधा उपलब्ध कराने बढ़ोत्तरी कर 31 जनवरी 2026 कर दिया गया है इस योजना अंतर्गत पूर्व में 60 प्रतिशत तक सरचार्ज माफी योजना का उपभोक्ताओं को लाभ पहुचाया गया था अब एक बार फिर अवधि बढाने के साथ ही सरचार्ज माफी 100 प्रतिशत तक कर दी गई है परन्तु इस योजना का लाभ उन्हीं उपभोक्ताओं को मिलेगा जो तीन माह से अधिक बकाया दार होगें तीन माह तक के बकाया दार इस योजना का लाभ नहीं उठा सकेंगे ।इस प्रकार बकाया दारो को मंडल द्वारा सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है जिसका लाभ इस समयावधि मे उपभोक्ता उठा सकते है.

# यात्री गाड़ियों के हों स्टापेज सांसद को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**
**कुरवाई,**मंडीबामोरा रेलवे स्टेशन पर यात्री गाड़ियों के स्टॉपेज की मांग को लेकर क्षेत्र के पत्रकारों एवं अनेक नागरिकों ने यहां पहुंची सांसद श्रीमती लता वानखेड़े को ज्ञापन सौंपा. जिसमें कहा गया कि मंडी बामोरा रेलवे स्टेशन से कुरवाई सिरोंज क्षेत्र के सैकड़ो यात्रियों का प्रतिदिन आना जाना होता है.क्षेत्र के यात्रियों के लिए रेल का साधन ही आने-जाने का सुगम साधन है.यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रेलवे स्टेशन पर चार यात्री गाड़ियों के तत्काल स्टॉपेज करवाये जाए. 4 गाड़ियों का मंडी बामोरा स्टेशन पर स्टॉपेज(दोनों दिशाओं में) करवाया जाए जिससे लोगों को आवागमन में सुविधा हो सके.ग्वालियर भोपाल इंटरसिटी एक्सप्रेस(12197/ 12198) पातालकोट एक्सप्रेस (20423/ 20424) एवं पंजाब मेल एक्सप्रेस (12137/12138) प्रयागराज एक्सप्रेस (14115/ 114116) के जनहित में मंडी बामोरारेलवे स्टेशन पर स्टापेंज करवाए जाये.मांग करने वालों में भारतीय पत्रकार संघ के संभागीय अध्यक्ष।ओम प्रकाश आर्य, रजनीश साहू, कुलदीप सिंह रायकवार, अभीकल्प राय, काशिफ सहित नागरिक एवं मीडिया से जुड़े बंधु उपस्थित थे.

## नरेश ने ऑल इंडिया कुश्ती प्रतियोगिता में दिखाया दम

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** एलबीएल महाविद्यालय के छात्र नरेश अहिरवार ने चंडीगढ़ में आयोजित ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी कुश्ती



प्रतियोगिता में पश्चिम क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार प्रदर्शन कर जीत का परचम लहराया. नरेश की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय, खेल प्रेमियों और सिरोंज वासियों ने खुशी जताते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की. उनकी इस सफलता ने क्षेत्र के युवाओं को कुश्ती खेल के प्रति प्रेरित किया.

# तेंदुआ पकड़ने लगाया पिंजरा

**नवभारत न्यूज**
**पठारी,** विगत कई दिनों से पठारी तहसील क्षेत्र के किसान तेंदुए की दहशत से परेशान थे जिसको लेकर किसानों ने ज्ञापन भी दिया था जिसकी खबरें भी प्रकाशित की गई थी खबर प्रकाशित होते ही खबर पर संज्ञान लिया गया वन विभाग एवं राजस्व विभाग हरकत में आया और क्षेत्र में तेंदुआ देखे जाने की शिकायत पर राजस्व एवं वन विभाग की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची. निरीक्षण के दौरान बताए गए स्थान पर तेंदुए के पदचिन्ह मिलने से उसकी मौजूदगी की पुष्टि हुई, हालांकि तेंदुआ नजर नहीं आया.वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने ग्रामीणों को सतर्क



रहने, रात्रि के समय अकेले बाहर न निकलने तथा मवेशियों को सुरक्षित स्थान पर रखने की सलाह दी है. तेंदुए की गतिविधियों को देखते हुए वन विभाग द्वारा निगरानी बढ़ाते हुए उसे पकड़ने के लिए एक पिंजरा लगाया गया हैं.स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है. डिप्टी रेंजर अशोक गौर, वनपाल प्रवीण विश्वकर्मा सहित ग्रामीण मौजूद रहे.

# संत-महात्माओं के आशीर्वचनों से गूंजा तहसील मैदान

## ग्यारसपुर में विशाल हिंदू सम्मेलन हुआ संपन्न



**नवभारत न्यूज**
**ग्यारसपुर, स**कल हिंदू समाज के तत्वावधान में तहसील मैदान पर आयोजित विशाल हिंदू सम्मेलन श्रद्धा, संस्कृति और सामाजिक एकता का भव्य प्रतीक बनकर उभरा. सम्मेलन की शुरुआत छापर मोहल्ला से निकाली गई विशाल कलश यात्रा से हुई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया.मार्ग में जगह-जगह नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा कर कलश यात्रियों का भक्तिभाव से स्वागत किया गया.

तहसील मैदान पहुंचने पर पंडितों द्वारा विधि-विधान से कलश पूजन एवं भारत माता की आराधना कराई गई. इसके पश्चात मंचासीन संत-महात्माओं का आयोजकों द्वारा शाल, श्रीफल व माल्यार्पण कर सम्मान किया गया. कार्यक्रम में बच्चों की मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह का मन जीत लिया. मूड़री धाम के,श्री श्री 108 परशुराम दास जी महाराज ने आशीर्वचन देते हुए गौ माता की रक्षा, सनातन धर्म के संरक्षण और सामाजिक समरसता पर जोर दिया. उन्होंने प्रत्येक हिंदू परिवार से श्रीरामचरितमानस व श्रीमद्भगवद्गीता के नियमित पाठ का आह्वान करते हुए राष्ट्र की उन्नति में सक्रिय सहभागिता का संदेश दिया.मृगन्नाथ धाम के ब्रह्मचारी महाराज ने ओजस्वी उद्बोधन में समाज को जागरूक रहने का आह्वान किया और गौ संरक्षण को सामूहिक दायित्व बताया. उन्होंने एकजुटता का संदेश देते हुए कहा कि बंटोगे तो कटोगे संगठित रहना ही समाज की शक्ति है.कार्यक्रम में घटेरा गुरु गादी धाम के महामंडलेश्वर 1008 श्री रामदास जी महाराज, नूरपुर के महंत श्री श्री 108 बालकदास जी महाराज, के द्वारा भी सामाजिक एकता के ऊपर अपना उद्बोधन दिया मानसरोवर धाम ग्यारसपुर के कल्याण दास जी महाराज, खंदा धाम के बंसी दास महाराज सहित अनेक संत-महात्मा उपस्थित रहे.राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह गुलाब सिंह कुशवाहा ने संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर मंडल स्तर पर चल रहे कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए समरसता एवं पंच-परिवर्तन पर प्रकाश डाला, कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारे एवं प्रसादी वितरण की गई.

## श्रीमद् भागवत कथा साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**
**मुरारिया,** खेड़ापति माता मंदिर मुरारिया में सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ. कलश यात्रा मंशापूर्ण श्री हनुमान मंदिर से प्रारंभ हो कर कथा स्थल खेड़ापति माता मंदिर पर संपन्न हुई.कथा व्यास साध्वी श्री सरोजबाला जी श्री धाम वृंदावन के मुखारबिंद से संगीतमय कथा ज्ञान यज्ञ प्रवाह का सभी श्रद्धालु भक्त माताएं बहिनें रसपान कर भाव विभोर हो झूमते हुए नजर आ रहे हैं. सात दिवसीय आयोजन श्रीमद भागवत कथा की पूर्णाहुति एवं महा प्रसादी वितरण 16 जनवरी शुक्रवार को होगी.श्रीमद भागवत कथा का आयोजन समस्त ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों की ओर से किया जा रहा है.

# भगवान राम पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर नटेरन में बवाल

## श्रीराम जानकी मंदिर से तहसील तक पैदल मार्च, 'जय जय श्रीराम' के नारों से गूंजा परिसर



**नवभारत न्यूज**
**नटेरन,**भगवान श्रीराम पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद नटेरन क्षेत्र में हिंदू समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है. पुलिस द्वारा अब तक मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी न किए जाने और रासुका के तहत कार्रवाई न होने से लोगों में गहरी नाराजगी देखी जा रही है.रविवार को बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग सबसे पहले नटेरन स्थित श्रीराम जानकी मंदिर पर एकत्रित हुए। इसके पश्चात सभी लोग संगठित रूप से पैदल मार्च करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे। जैसे ही जुलूस तहसील परिसर में पहुंचा, पूरा परिसर 'जय जय श्रीराम' के नारों से गूंज उठा, जिससे माहौल पूरी तरह भक्तिमय और आक्रोशपूर्ण हो गया.

प्रदर्शनकारियों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर नायब तहसीलदार पीयूष जैन को ज्ञापन सौंपा.ज्ञापन में बताया गया कि मुख्य आरोपी दीपक बौद्ध द्वारा भगवान राम के विरुद्ध की गई टिप्पणी से हिंदू समाज की धार्मिक भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है. साथ ही यह भी उल्लेख किया गया कि आरोपी ने गत दिनों पहले सिरोंज में भीम आर्मी के एक कार्यक्रम के दौरान भी अभद्र टिप्पणी की थी, लेकिन उस समय भी कोई कठोर कार्रवाई नहीं हुई.हिंदू समाज के लोगों का कहना है कि आरोपी लगातार इस तरह के बयान देकर समाज में वैमनस्य फैलाने और शांति व्यवस्था को बिगाड़ने का कार्य कर रहा है. यदि ऐसे तत्वों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो भविष्य में सामाजिक सौहार्द को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है.प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि मुख्य आरोपी दीपक बौद्ध को तत्काल गिरफ्तार किया जाए.मामले की गंभीरता को देखते हुए रासुका के तहत प्रकरण दर्ज किया जाए.तथा अन्य संलिप्त लोगों पर भी कड़ी कार्रवाई की जाए.हिंदू समाज ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि शीघ्र प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा.नायब तहसीलदार पीयूष जैन ने ज्ञापन प्राप्त कर उसे वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया.



**नि:शुल्क ब्लड ग्रुप चेक आज दुर्गा नगर में**

**आपके जीवन को सुरक्षित रखने का उद्देश्य लेकर विश्व रिकॉर्ड बनाने देहदानी विकास पचौरी विदिशा के घर-घर जाकर सभी का नि:शुल्क ब्लड ग्रुप चेक करबा रहे हैं। आपके घर के पास सेवा वाहन आने पर कृपया सभी उम्र के बच्चे, भाई-बहन एवं बुजुर्ग अपने ब्लड ग्रुप की जाँच कराकर परिचय कार्ड बनवाकर अपने भारत देश का नाम विश्व में रौशन करने में योगदान दें।**

## व्यापारियों के सहयोग से लगेंगे सीसीटीवी कैमरा

**नवभारत न्यूज**
**पठारी,** पठारी थाना क्षेत्र के प्रमुख चौराहा एवं सार्वजनिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने के लिए पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देश पर थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह बुंदेला के प्रयासों से कार्य चल रहा है.व्यापारियों, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोगों की बैठक थाना परिसर में बुलाई गई जिसमें नवागत थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह बुंदेला ने सभी व्यापारियों से सहयोग की अपील की जिस पर सभी लोगो ने सहमति प्रदान करते हुए यथासंभव आर्थिक सहयोग प्रदान किया.अब सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और सुरक्षा और अपराधों पर रोक लगाने में पुलिस को काफी मदद मिलेगी. इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि अखिलेश पंथी विमल जैन पुष्पेंद्र सहेले मनोज सिंघई सर्वेश जैन शैलेंद्र चौधरी रूपेश सहेले अतिशय जैन युगल किशोर व्यास विकास जैन सजल ठाकुर लतीफ राइन गगन साहू आदि मौजूद रहे.

## ज्ञान से बड़ी पवित्र कुछ नहीं होता है- श्रीवास्तव

नवभारत न्यूज
गंजबासौदा,प्राचीन काल में ज्ञान का श्रोत वेद थे.जिनका चिंतन-मनन करते थे लेकिन इस युग में ज्ञान या शास्त्रार्थ बंद हो गए हैं. जिसका कारण गुरुकुल खत्म हो गए है.योगेश्वर श्रीकृष्ण कहते है, ज्ञान से बडी़ पवित्र कोई वस्तु नहीं है. ज्ञान प्रकाश है और अज्ञान अंकारमय बंधन है. संसार के समस्त जीवों मेंआहार, निद्रा, मैथुन, भय ज्ञान को जानते है.इसलिए हम सब पशु के समान है.यह ज्ञान प्राकृतिक रूप से प्राप्त होता है. नैमेत्तिक ज्ञान शिक्षक गुरु सिखाते है.मनु महाराज कहते है मनुर्भव: अर्थात मनुष्य बनो.क्योंकि मनुष्य मननशील, चिंतनशील, विवेकशील, विचारशील गुण आवश्यक है.यही ज्ञान मनुष्य बनाता है. यह बात एलबीएस कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के बौद्धिक सत्र के मुख्य वक्ता सूर्य प्रकाश श्रीवास्तव ने स्वयंसेवकों से कही. उन्होंने मैकाले की शिक्षा पद्धति पर कटाक्ष किया.इस अवसर अतिथि महेन्द्र सिंह राजपूत वक्ता ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं का कल्याण और संसार का कल्याण करने का नाम है. उन्होंने कहा कि जैसा भाव, वैसा स्वभाव और जैसा स्वभाव होगा वैसा प्रभाव होगा.

# माता-पिता की पुण्यतिथि को गौ सेवा से समाज को दिशा देने वाला उदाहरण

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा, कहते हैं जहाँ करुणा है, वहीं धर्म है और जहाँ गौसेवा है, वहीं आज मानवता जीवित दिखाई देती है.जब शीतलहर से रातें काँप उठती हैं और जीवन की गति ठहर-सी जाती है, तब नगर में एक दंपती करुणा की ऐसी तपस्या में लीन दिखाई देता है, जो अपनी निस्वार्थ सेवा से सीधे-सीधे हृदय को स्पर्श कर जाती है.** पिछले 6 वर्षों से पति-पत्नी अपने माताजी-पिताजी की पुण्यतिथि को केवल स्मरण का दिन नहीं, बल्कि गौमाता की सेवा का महापर्व बना चुके हैं.हर वर्ष वे नगर की उन गौशालाओं तक पहुँचते हैं, जो जनसहयोग से संचालित हैं.जहाँ पीडित घायल, विकलांग और बेसहारा गौमाता जीवन का संघर्ष कर रही होती हैं. प्रत्येक गौशाला में एक-एक कुंटल गुड़ तथा आवश्यक औषधीय सामग्री भेंट की जाती है.सर्द रातों में स्वयं गौमाता को गुड़ खिलाना उनके लिए केवल सेवा नहीं, बल्कि माताङ्कपिता की स्मृति में की गई साधना है. कड़ाके की सर्दी और ठिठुराती रातों के बीच जब अधिकांश लोग अपने घरों में सिमट जाते हैं, तब नगर में यह दंपती बेसहारा, बेजुबान और पीड़ित गौवंश के लिए करुणा का दीप जलाए हुए हैं. गौसेवा को वे केवल दान नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति की जीवंत साधना मानते हैं.गौशाला संचालकों का कहना है कि इस प्रकार की निरंतर सेवा समाज को नई दिशा देती है. यह संदेश देती है कि पुण्यतिथि केवल रस्म नहीं, सेवा के साथ-साथ पुण्य अवसर भी हो सकती है.व्यक्तिगत श्रद्धा, जब समाज के हित से जुड़ती है, तब वह प्रेरणा बन जाती है.नगर में जनसहयोग से त्योंदा रोड पर बेसहारा, विकलांग और घायल गौवंश के लिए संचालित हो रही निस्वार्थ गौशाला एवं राजेंद्र नगर ईदगाह पर विहिप बजरंग दल द्वारा संचालित खेड़ापति हनुमान मंदिर गौशाला में अरोड़ा दंपत्ति द्वारा प्रतिवर्ष एक-एक कुंटल गुड और औषधि भेंट की जाती है. गौशाला प्रबंधकों का कहना है कि नगर के कई गोवंश प्रेमियों से प्रतिवर्ष सर्दी में गुड और औषधि की सेवा निरंतर प्राप्त हो रही है.

**सम्मेलन** **संस्कृति राष्ट्र भावना से जागी जनचेतना, 3 हजार बस्तीवासियों ने एक संगत एक पंगत में दिया समरसता का संदेश**

# मानस भवन में आयोजित हुए शीतला बस्ती के हिंदू सम्मेलन में संस्कार



**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,**स्थानीय मानस भवन में रविवार को आयोजित हुए शीतला बस्ती के हिंदू सम्मेलन ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि जब हिंदू समाज संगठित होता है, तभी राष्ट्र सशक्त बनता है.सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता मध्य भारत प्रांत के सह शारीरिक प्रमुख त्रिवेश लोधी ने कहा कि हिंदू समाज की एकता का ही परिणाम है कि पांच सौ साल के संघर्ष के बाद अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण संभव हुआ और कश्मीर से धारा 370 समाप्त हो सकी. श्री लोधी ने दो टूक कहा कि भारत कोई भूमि का टुकड़ा नहीं, बल्कि माता है.भारत विश्व कल्याण की कामना करने वाला एकमात्र देश है. उन्होंने कहा कि भारत ने कभी किसी देश पर वर्चस्व के लिए शस्त्र नहीं उठाए, बल्कि ज्ञान और शांति का संदेश दिया.स्वामी विवेकानंद इसी संदेश को लेकर विदेश गए थे. यही सनातन भाव भारत को विश्व से अलग बनाता है.

सम्मेलन के समापन पर आयोजित समरसता भोज में बिना किसी भेदभाव के लगभग 3 हजार लोगों ने एक साथ बैठकर प्रसादी ग्रहण की, जिसने सामाजिक समरसता का सशक्त संदेश दिया. कार्यक्रम का संचालन सनी भावसार ने किया एवं आभार लोकमन कुशवाह ने व्यक्त किया. मंच पर बालाजी मंदिर के महंत, वरिष्ठ समाजसेवी विनोद शाह, पतंजलि योग महिला केंद्र प्रभारी सुनीता भावसार, सेवानिवृत्त शिक्षक कंछेदीलाल अहिरवार, लालचंद कुशवाह, सुरजीत सिंह छाबड़ा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव, जिला पंचायत सदस्य गायत्री नरेंद्र सिंह रघुवंशी, पूर्व नपा अध्यक्ष मधुलिका अग्रवाल, पूर्व नपाध्यक्ष मोहन भावसार, सहित बड़ी संख्या में अनेक संत, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे.सम्मेलन के दौरान नवांकुर विद्यापीठ, एवं सम्राट अशोक अकादमी के विद्यार्थियों ने राष्ट्रभक्ति, सामाजिक चेतना और सामाजिक कुरीतियों के विरोध में प्रभावी नाटिकाएं प्रस्तुत कीं. बाल कवि अनंत चतुर्वेदी एवं बाल कवियत्री आराध्य भार्गव की ओजस्वी रचनाओं से पूरा परिसर देशभक्ति से गूंज उठा. आयोजन स्थल पर देश के लिए बलिदान देने वाले महापुरुषों और राष्ट्रभक्तों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें उनके जीवन और बलिदान की जानकारी दी गई. प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों को मंच से उपहार देकर सम्मानित किया गया.